प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

महामहिम राज्यपाल आज पंतनगर में देंगे दीक्षांत व्याख्यान

पंतनगर। 26 नवम्बर 2024। पंतनगर विश्वविद्यालय में कल (आज) आयोजित होने वाले 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल एवं विष्वविद्यालय के कुलाधिपति, ले.ज. गुरमीत सिंह के साथ विषेष अतिथि माननीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री गणेष जोषी; माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा मंचासीन रहेंगे। प्रातः 11:00 बजे से दीक्षांत पण्डाल में प्रारम्भ होने वाले इस दीक्षांत समारोह में उनके द्वारा 1172 विद्यार्थियों को उपाधि व दीक्षा प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर सर्वोत्तम एक विद्यार्थी को कुलाधिपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कुलपति के 15 स्वर्ण पदक 12 रजत पदक एवं 12 कांस्य पदक भी विभिन्न विषय के सर्वोत्तम स्नातकों को प्रदान किये जायेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए एक–एक विद्यार्थी पूरण आनन्द अदलखा अवार्ड, सरस्वती पांडा अवार्ड, श्रीमती नागम्मा शान्ताबाई अवार्ड, डा. राम षिरोमणि तिवारी अवार्ड, दो विद्यार्थी को चौधरी चरण सिंह मैमोरियल इंटेलेकच्यूअल अवार्ड एवं दो विद्यार्थी को भारत रत्न पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त अवार्ड तथा डा. ए.एन. मुखोपाध्याय गोल्ड से विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। उपाधि व पदक प्रदान करने की प्रक्रिया के बाद राज्यपाल द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। अपराह्न में कुलपति की अध्यक्षता में विद्वत शोभा मण्डल का फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ। इस अवसर पर विष्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद् एवं विद्वत परिषद् के सदस्य विद्वत शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगे। दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं।